एक नजर

सुशील मोदी का निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति : धामी

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर दु:खद व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा परिवार और संगठन के लिए यह अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि गरीबों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समर्पित जीवन आपका, हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से इस संकट की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों और समर्थकों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री से की मुलाकात, चारधाम यात्रा के लिए किया आमंत्रित

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की। दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इन दिनों चुनावी दौरे पर हैं। अभी हाल ही में वे दो दिवसीय मुंबई दौरे पर थे। इससे पहले भी कई प्रांतों में चुनाव प्रचार किया। नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री से भेंट करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा 2024 के लिए आमंत्रित किया।

सैलानी का व्हाट्स एप हैक कर स्टेटस पर अपलोड किये अश्लील वीडियो

स्वतंत्र चेतना

नैनीताल। हरियाणा गुरुग्राम से नैनीताल घूमने आये एक सैलानी का व्हाट्स एप हैक कर उससे स्टेटस पर अश्लील वीडियो अपलोड करने का मामला सामने आया है।

मामले में सैलानी ने मल्लीताल कोतवाली पहुंचकर उसका ह्वाट्सएप हैक करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। गुरुग्राम निवासी सुनील सिंघल नाम के सैलानी ने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर में बताया कि बीते शनिवार को घूमने के लिए नैनीताल आया था।

इधर रविवार सुबह उसे कुछ रिश्तेदारों व दोस्तों के फोन आए कि उसके व्हॉट्सअप स्टेटस में अश्लील विडियो लगाए गए हैं। जब उसने वीडियो डिलीट करने का प्रयास किया तो वह डिलीट नहीं हुए। इसके बाद उसे अपना व्हॉट्सअप हैक होने का अहसास हुआ। अपनी तरह के इस अनूठे मामले पर मल्लीताल कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक पीएस मेहरा ने बताया कि शिकायत साइबर सेल को भेज दी है।

रिश्तेदारों में खूनी संघर्ष, जमकर चले चाकू

स्वतंत्र चेतना

हल्द्वानी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों पर चाकू से हमला बोलने का मामला प्रकाश में आया है। इस हमले में सभी घायल बताए गए हैं। जबकि एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष ने मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी है।

बताया गया कि अमीर जहां पत्नी नजाकत अली मलिक का बगीचा में रहती हैं। उनका बड़ा बेटा फिरासत इंद्रानगर में अपने परिवार के साथ रहता है। फिरासत 17 मई को हज करने जा रहा है। फिरासत के तीन छोटे भाई रिफायरत, मोनिस और दानिश जो गुजरात में काम करते हैं, अपने भाई से मिलने के लिए कल ही हल्द्वानी पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि अमीर जहां, उनका पति नजाकत अली और रिफायरत, मोनिस व दानिश घर से फिरासत से मिलने के लिए उसके घर जा रहे थे। रास्ते में ही अमीर जहां का भांजा शखावत व उसके पिता अंजार हुसैन ने अमीर जहां पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू अमीर जहां के पेट में जा लगा।

अपनी मां को बचाने के लिए तीनों बेटों पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि चाकू मारने के बाद आरोपी फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नजाकत अली का कहना है कि शखावत की दुकान भी उनके बड़े बेटे के दुकान के बराबर है। फिरासत के पास काम ज्यादा होने के कारण शखावत से रंजिश रखता है। बताया कि पिछले साल भी उनके बीच झगड़ा हुआ था, जिसका बाद में समझौता हो गया था। परिजनों की ओर से मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।

आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

स्वतंत्र चेतना

बागेश्वर। उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के तत्वाधान में कपकोट में आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयाम विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए जागरूकता आवश्यक है।कपकोट विकास खंड सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि आपदा कहीं भी व कभी भी आ सकती है। कपकोट क्षेत्र आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। उन्होंने आपदा के प्रति सचेत रहने को कहा। खंड विकास अधिकारी ख्याली राम ने कहा कि कपकोट क्षेत्र आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। नैनीताल से आई कार्यक्रम निदेशक डॉ मंजू पांडे ने आपदा के विभिन्न चरणों की तैयारी की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें आपदा के कारणों को जानना होगा तथा इसके साथ ही जनता को जागरूक रहना होगा। पौधरोपण करके भी आपदा पर अंकुश लगाया जा सकता है। आपदा से बचाव की जानकारी से आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। अग्निशमन विभाग के प्रशिक्षक भुवन चौबे ने अग्नि कांड व भूकंप से बचाव की जानकारी मॉक ड्रिल के माध्यम से दी।प्रशिक्षण में विभिन्न क्षेत्रों के राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, पुलिस व पीआरडी के जवान व युवक मंगल दल के सदस्य, आपदा मित्र आदि प्रतिभाग कर रहे हैं।

दुष्कर्मी जीजा को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

नाबालिग साली से जीजा के अवैध संबंधों से पैदा हुई बच्ची को बर्फबारी के बीच नाली में फेंका, नाबालिग ने अपने चचेरे भाई को इस मामले में झूठा फंसाया, जिसने आत्महत्या कर ली थी

स्वतंत्र चेतना

नैनीताल। नैनीताल में एक बहुचर्चित मामले में व्यक्ति के अपनी 15 वर्षीय नाबालिग साली के साथ अवैध संबंध थे। उससे नाबालिग साली ने बच्ची पैदा की और बच्ची को पैदा होते ही बर्फबारी के बीच नाली में फेंक दिया और बात खुलने पर जीजा की जगह अपने चचेरे भाई को झूठा फंसा दिया। अब इस मामले में विशेष न्यायाधीश-पॉक्सो अधिनियम नंदन सिंह की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित जीजा को 20 साल की सजा सुनाई है और 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में 6 फरवरी 2020 को सर्दियों के दिनों में जबकि बर्फ पड़ी हुई थी, नाली में एक नवजात बच्ची मिली थी। उसे पहले बीडी पांडे और फिर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इससे नवजात की जान बच गई। इस मामले में पुलिस ने नवजात के फेंक जाने का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की। इस बीच बच्ची को जन्म देने वाली 15 साल की नाबालिग किशोरी की हालत बिगड़ी तो उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस की जांच में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती किशोरी ने कबूल किया कि नाली में फेंकी बच्ची उसी की है।

रिपोर्ट में जीजा निकला नवजात का पिता-

पुलिस की जांच में किशोरी ने मजिस्ट्रेट के सामने कहा कि बच्ची का पिता उसका 17 वर्षीय चचेरा भाई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित किशोर के खिलाफ मल्लीताल थाने में अभियोग दर्ज किया और आरोपित किशोर को हिरासत में लेते हुए बाल सुधार गृह भेजा। इस दौरान किशोर बाल सुधार गृह से छूटकर आया तो 17 अप्रैल को उसने घर के पास ही पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। अलबत्ता मृत्यु से पहले किशोर और नवजात बच्ची के रक्त का नमूना लेकर भेज दिया गया था। उसकी मृत्यु के बाद रिपोर्ट आई तो आरोपित किशोर बच्ची का जैविक पिता नहीं पाया गया। इसके बाद किशोर के पिता ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर दोबारा जांच की मांग की। साथ ही बताया कि पीड़िता के घर उसके जीजा का आना-जाना था।

किशोरी ने जीजा से संबंध को स्वीकारा-

इसके बाद जीजा के रक्त का नमूना भी जांच के लिये एफएसएल भेजा गया। एफएसएल रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया कि जीजा ही नवजात बच्ची का जैविक पिता है। इसके बाद किशोरी ने भी माना कि उसके अपने सगे जीजा के साथ अवैध संबंध थे। पूरे मामले में अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने न्यायालय में 10 गवाह पेश किए। इस पर न्यायालय ने फोरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपित जीजा को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

स्वतंत्र चेतना

रुद्रपुर(उधमसिंह नगर)। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिला स्थित पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। बम निरोधक दस्ते ने एयरपोर्ट में सर्च अभियान भी चलाया। हालांकि उसे कोई संदिग्ध वस्तु नही मिली। इसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यात्रियों से लेकर कर्मचारियों को भी कड़ी तलाशी से गुजर कर एयरपोर्ट के भीतर जाना पड़ रहा है।

हवाई सेवा प्रदाता कंपनी एलायंस एयर को 11 मई को एक धमकी भरा ई मेल मिला था, जिसमें पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने सोमवार को भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय सहित पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना को मेल फॉरवर्ड करके पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी की जानकारी दी। यह जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गईं और तुरंत ही बम निरोधक दस्ते ने एयरपोर्ट परिसर ,टर्मिनल भवन सहित रनवे की करीब तीन घंटे तक तलाशी ली। इस दौरान टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। हालांकि एयरपोर्ट प्रशासन ने एहतियात के तौर पर त्रिस्तरीय चेकिंग शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पंतनगर एयरपोर्ट से चार फ्लाइट्स का संचालन होता है। यहां से रोजाना छह सौ यात्रियों का आवागमन होता है। पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने बताया कि धमकी की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। बम निरोधक दस्ते के सर्च अभियान में कोई संदिग्ध वस्तु नही मिली है। इधर एसएसपी मंजू नाथ टीसी ने भी पंतनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बुधवार और गुरुवार को नहीं होंगे ऑफलाइन पंजीकरण

एक-एक मजिस्ट्रेट होंगे तैनात, प्रत्येक जनपद में सौ-सौ अतिरिक्त होमगार्ड भी होंगे तैनात, उत्तरकाशी में एक अतिरिक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी की होगी तैनाती

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी में एक-एक यात्रा मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर बुधवार व गुरुवार को ऑफलाइन पंजीकरण नहीं होंगे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सोमवार को उच्चाधिकारियों की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

सोमवार को सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा के संचालन के लिए आला-अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आज प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आरके सुधांशु, सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय, डीजीपी अभिनव कुमार व उनकी मौजूदगी में एक बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद चमोली, रुद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी में चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यहां पर एक-एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। इनकी तैनाती के आदेश भी गढ़वाल आयुक्त के स्तर से जारी कर दिए गए हैं। इनको जिलाधिकारी अपने अनुसार कार्य का आवंटन करेंगे। सचिव पर्यटन ने बताया कि चारधाम पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह भी निर्णय लिया गया है कि बुधवार और बृहस्पतिवार को यात्रा के लिए पंजीकरण नहीं किये जायेंगे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि बैठक में प्रत्येक जनपद में सौ-सौ अतिरिक होम गार्ड भी दिए जाएंगे एवं उत्तरकाशी में एक अतिरिक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी की तैनाती भी की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार प्रतीक जैन को बदरीनाथ धाम जनपद चमोली, मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढवाल अभिषेक त्रिपाठी को उत्तरकाशी और हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण हरिद्वार अंशुल सिंह को केदारनाथ धाम रुद्रप्रयाग में यात्रा मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनाती की गई है।

सेटलमेंट न होने पर झुग्गी झोपड़ियों में लगा दी थी आग

एक गिरफ्तार, दूसरा फरार, प्लॉट स्वामी ने सेटलमेंट के लिए भेजा था, पैसा हड़पने की नियत से झोपड़ियों में लगाई आग, सुंदर वन क्षेत्र में निजी प्लाट पर बनी थीं झुग्गी झोपड़ियां, वर्ष 2022 में भी हुई थी आग लगी की घटना

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। सेलाकुई थाना क्षेत्रांतर्गत सुंदर वन स्थित झुग्गी झोपड़ियों में आगजनी की घटना को अजांम देने वाले एक आरोपित को दून पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्लॉट के मूल मालिक का परिचित है।

आरोपित झुग्गी झोपड़ियों में निवासरत लोगों से बातचीत कर सेटलमेंट करने आया था। बात न बनने पर प्लॉट खाली कराने और सेटलमेंट का पैसा हड़पने के लिए साथी के साथ मिलकर आगजनी की घटना को अजांम दिया था। हालांकि पूर्व में कुछ लोगों को पैसा देकर झुग्गी झोपड़ियां खाली करा ली थी। गत पांच मई को सेलाकुई थाना क्षेत्रांतर्गत भाऊवाला सुंदर वन के पास झुग्गी झोपड़ियों में आग लगने की घटना हुई थी। आग की चपेट में आने से लगभग 50 से 55 झुग्गी झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं। उक्त झुग्गी झोपड़ियां सुंदर वन क्षेत्र में निजी प्लाट पर बनी हुई थीं, जहां वर्ष

2022 में भी इसी प्रकार आग लगने की घटना हुई थी।

दो वर्ष के अंतराल पर एक ही स्थान पर घटित दोनों घटनाओं पर संदिग्धता प्रतीत होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने आग लगने के कारणों से जुड़े सभी संभावित पहलुओं पर विस्तृत जांच के आदेश दिए। जांच में पुलिस टीम को कार सवार व्यक्तियों द्वारा कार से उतरकर एक झोपडी के किनारे आग लगाए जाने की फुटेज प्राप्त हुई। इस-के आधार पर एसएसपी ने संदिग्धों के विरूद्ध थाना सेलाकुई में मुकदमा दर्ज किया गया था।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर अभियुक्तों के संबंध में जानकारी ली और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। जांच में आगजनी की घटना को दो अभियुक्तों राजेंद्र सिंह बिष्ट तथा रवि गुसांई द्वारा किया जाना प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर राजेंद्र सिंह बिष्ट (45) पुत्र कृपाल सिंह निवासी सुद्धोवाला थाना प्रेम नगर देहरादून को धूलकोट तिराहे से घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा अभियुक्त रवि गुसांई निवासी सुद्धोवाला प्रेम नगर देहरादून घर से फरार चल रहा है।

यह है मामला-

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने बताया कि वे उक्त प्लाट के मूल मालिक के परिचित हैं। उसने उसे सेलाकुई में अपना प्लॉट होने के संबंध में जानकारी दी थी और प्लॉट खाली कराने के लिए झुग्गी झोपड़ियों में निवासरत लोगों से बातचीत कर सेटलमेंट करने के लिए भेजा था। सेटलमेंट के लिए पैसा भी दिया था। अभियुक्तों ने बस्ती में निवासरत कुछ लोगों को पैसा देकर उनकी झोपडी खाली करवाई थी। लोगों से बात न बनने पर अभियुक्तों ने सैटलमेंट का पैसा हड़पने की नियत से झुग्गी झोपड़ियों में आग लगा दी, जिससे प्लॉट खाली कराया जा सके और सेटलमेंट का पैसा भी ना देना पड़े।

एक सप्ताह बाद फिर लगी पटाखा फैक्टरी में आग

गोदाम मालिक पर मुकदमा, आठ दिन के अंदर यह दूसरी घटना

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। देहरादून में पटाखा गोदाम में आग लगने की एक और घटना सामने आई है। क्लेमेंट टाउन थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में मंगलवार को पटाखा गोदाम में आग लग गई। हालांकि पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पा लिया। इससे पहले देहरादून के आईएसबीटी में पटाखा गोदाम में भीषण आग लगी थी। आठ दिन के अंदर यह दूसरी घटना है। विस्फोटक पदार्थों के रख-रखाव में लापरवाही बरतने पर गोदाम मालिक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आनंद पटाखा गोदाम में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर स्टेशन देहरादून से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। पटाखा गोदाम के भू-तल पर गैलरी में रखे पुराने सामान में आग लगी थी। पुलिस व फायर कर्मियों की सूझबूझ से कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्टसर्किट होना प्रकाश में आया है। विस्फोटक पदार्थों के रख-रखाव के संबंध में लगातार लापरवाही बरतने पर भविष्य में गंभीर घटना घटित होने की संभावना के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने पटाखा गोदाम मालिक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पर थानाध्यक्ष क्लेमेंट टाउन ने पटाखा गोदाम के मालिक पवन आनंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आग लगने के विस्तृत कारणों की जांच की जा रही है।

रानीबाग-अमृतपुर मार्ग पर दुर्घटना में 2 की मौत, चालक गंभीर

स्वतंत्र चेतना

नैनीताल। सोमवार को रानीबाग-अमृतपुर मार्ग में हुई एक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि वाहन का चालक घायल हो गया है। सोमवार को करीब भीमताल से 20 किलोमीटर दूर अमृतपुर से छोटा कैलाश की ओर जा रहा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 50 मीटर खाई में जा गिरा। दुर्घटना में पिकअप में सवार 70 वर्षीय बिशन दत्त पांडे पुत्र त्रिलोचन पांडे निवासी भौर्सा और 23 वर्षीय मनीष पड़लिया पुत्र खीमानंद निवासी बानना की मौके पर ही मौत हो गई और चालक 25 वर्षीय धीरज पुत्र कांतिबल्लभ निवासी बानना घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए हल्द्वानी एसटीएच और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेजा गया है। भीमताल के थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि वाहन अनियंत्रित होकर क्रॉस बैरियर तोड़ते हुए खाई में गिरने की बात सामने आई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। मृतक मनीष राजस्थान में नौकरी करता था और इन दिनों छुट्टी पर घर आया था। मामले में भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ सरकार और जिला प्रशासन से मृतकों के आश्रितों और घायल को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

क्षमता के अनुसार ही तीर्थयात्रियों को धामों की ओर भेजें जनपद प्रभारी : एडीजीपी

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड एपी अंशुमान ने चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों की अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत जनपद प्रभारियों की ओर से सुचारू यातायात को लेकर बैठक कर तैयारियां परखी।

अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निदेशक यातायात, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था/नोडल अधिकारी, चारधाम यातायात उत्तराखंड, वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली के साथ बैठक कर समीक्षा की। अपर पुलिस महानिदेशक ने चारधाम यात्रा के दौरान सुगम यातायात प्रबंधन के लिए सीमावर्ती जनपदों से और अधिक बेहतर समन्वय बनाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी से कहा कि धामों की सुरक्षा के लिए बनाई गई सुरक्षा स्कीम के अनुरुप व्यवस्था करें। निर्धारित क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को धामों की ओर भेजा जाए। शेष यात्रियों को निर्धारित स्थानों पर रोके जाने की व्यवस्था की जाए। विशेषकर जनपद उत्तरकाशी में स्थापित बैरियरों से क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को धामों की ओर भेजें। यमुनोत्री धाम के लिए बनाए गए

बैरियर से बोटलनैक तक की व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक को नियुक्त किया जाए। यात्रियों को रोके जाने वाले स्थानों पर खाने-पीने के साथ आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त व्यवस्था हो। पीए सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को धामों की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यक जानकारियां समय-समय पर दी जाए। जनपदों में निर्धारित पार्किंग का उपयोग किया जाए। वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा कराया जाए। चारधाम यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार के मेले अथवा अन्य आयोजनों की अनुमति न दी जाए। जनपद प्रभारी एवं सर्किल अधिकारी चारधाम यात्रा व्यवस्था ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल को समय-समय पर ब्रीफ कर मॉनिटरिंग करें। भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर जेसीबी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ सीमावर्ती जिलों के पुलिस प्रभारियों से भी वार्ता कर यात्रियों को यात्रा मार्ग पर भेजें।

दीपाली बनी अंडर-14 की राष्ट्रीय चैंपियन

स्वतंत्र चेतना

नैनीताल। उत्तराखंड नैनीताल की युवा बॉक्सर दीपाली ने एक और कमाल का प्रदर्शन करते हुये नोएडा उत्तर प्रदेश में अयोजित राष्ट्रीय अंडर-14 बॉक्सिंग चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन 13 से 27 मई 2024 तक बेंगलुरु में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षण के साथ ही आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे महाराष्ट्र के लिए भी हो गया है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियंता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	17-DRM-MB-24-25 Dt : 14.05.2024
कार्य का नाम	Construction of LHS in lieu of LC no. 257 at km 1140/17-19 on MB-LKO section near Balamau.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	06.06.2024 16:00
अनुमानित लागत	3,64,86,450.56
धरोहर राशि	3,32,400.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	23.05.2024
आफर की वैधता	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	09 माह

टेन्डर नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 14.05.2024 1452/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालयः 602, 6वीं मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रमांक 79/1, घोरपडी, मुंडवा रोड, पुणे-411036
शाखा कार्यालयः 2 मंजिल, फ्रेंड्सप्लाजा, एम-52/53, ईश्वरनगर, नई दिल्ली-110065

ई-नीलामी नोटिस- SARFAESIA अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (ह्लअधिनियमह्व) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ें। सूचना इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को 17 नवंबर 2023 से ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बदल दिया गया है (जिसे पहले मैग के नाम से जाना जाता था) मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस के नाम से शामिल किया गया पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी) (इसके बाद अधिनियम के अनुसार ह्लसुरक्षित ऋणदाताह्व के रूप में संदर्भित), जिसका कब्जा सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के तहत धारा 13 (2) के नियम 8 और 9 के तहत लिया गया है।)अधिनियम का. सुरक्षित संपत्तियां ई-नीलामी के माध्यम से 31/05/2024 को ह्लजैसा है जहां हैह्व, ह्लजैसा है जो हैह्व और ह्लजो कुछ हैह्व के आधार पर बेची जाएंगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट पर दिए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक संचालन करने जा रहे हैं: https://www.bankeauctions.com.FordetailedT&Csofsale,pleaserefertolinkprovidedinGHFL's/SecuredCreditor'swebsitei.e.www.grihumhousing.com

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम(ए)	डिमांडनोटिसदिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी सबमिशन तिथि (जी)	इन्क्रीमेन-टलबिड ()	संपत्ति निरीक्षणदिनांक एवं समय (क)	नीलामी की तारीख और समय (जे)	ज्ञात भार / कोर्ट केसेज (के)
ऋण संख्या.एचएम/0173/एच/17/100263 संजय गिरि (उधारकर्ता), उर्मिला देवी (सह-उधारकर्ता)	सूचना दिनांकः25/08/2022। रु. 2033046.70/- (रुपए बीस लाख तैंतीस हजार छियालीस और सत्तर पैसे मात्र) 25/08/2022 को ब्याज सहित @13.50% प्रति वर्ष वसूली तक देय।	भौतिक	आवासीय संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, प्लॉट नंबर 20, खसरा नंबर 511/4, माप क्षेत्रफल 71.79 वर्ग। मीटर. और आच्छादित क्षेत्र 88.75 वर्ग मीटर। मौजा ढंडेरा (न्यू कीर्ति नगर) परगना, तहसील रूड़की और जिला हरिद्वार, उत्तराखंड में स्थित है। सीमाएंः पूर्वः 16 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः संगीता का प्लॉट, दक्षिणः रितुगिरि का प्लॉट और उत्तरः 18 फीट चौड़ी सड़क।	रु. 12,00,000/- (केवल बारह लाख रुपए)	रु. 1,20,000/- (केवल एक लाख बीस हजार रुपए)	30/05/2024 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	24/05/2024 (सुबह 11 बजे -शाम 4 बजे)	31/05/2024 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	शून्य-शून्य

खरीददारों को सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाने और अपनी खुद की पूछताछ करने और अतिरिक्त शुल्क, ऋणभार और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाने और बोलियां जमा करने से पहले वहां के पहलुओं में खुद को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति कर, बिजली / पानी का बकाया और कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, संपत्ति से जुड़ा हुआ है। सफल बोलीदाता द्वारा सुनिश्चित किया गया और भुगतान किया गया इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और पहले से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-बोली के लिए अनिवार्य है। पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003.हेल्प लाइन नंबर-7291981124,25,26 SupportEmailid–Support@bankeauctions.com.ContactPerson–DhamiP,Emailid-dharani.p@c1indi.comContctNo-9948182222.कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता ऑनलाइन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं- केवल उसी से नीलामी। इच्छुक खरीददार/बोली लगाने वाले को ह्लग्रिह्म हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेडह्व, बैंक-आईसीआईसीआईबीएनसीएलटीडी.खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससीकोड-आईसीआईसी0000006,20, आर.एन.मुखेरजीरोड-कोलकाता- के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है। 700001 निकाले गए कोई भी राष्ट्रीयकृत या निर्धारित बैंक या 30/05/2024 से पहले और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी प्राप्त करें और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और प्रशिक्षण प्राप्त करें- प्रेमनगर आश्रम के पास, रेमंड्स शोरूम के सामने, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407 मोबाइल नंबर। +91 9567626050 ई-मेल आईडी rahul.r1@grihumhousing.com.Forfortherdetailsontermsandconditionspleasevisithttps://www.bankeauctions.com&www.grihumhousing.comtotakepartine-auction. इस नोटिस को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के लिए 15 दिनों के नोटिस के रूप में माना जाना चाहिए।

दिनांकः15.05.2024, स्थानःउत्तराखंड

प्राधिकृतअधिकारी ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड(पूर्वमें ज्ञातर पूनवाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)